**खबर संक्षेप**

## महिला की लाश मिलने से मची सनसनी

**ढीमरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के सिलोड़ी पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम दशरमन में घर पर अकेली रह रही एक महिला की लाश मिलने से सनसनी मच गई। 16 जुलाई की रात अज्ञात बदमाशों ने घर में घुसकर 52 वर्षीय नीतू जायसवाल के सिर पर घातक हथियारों से वार करते हुए उसकी निर्मम हत्या कर दी । एसडीओपी स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी ने बताया कि महिला के पति जबलपुर में नौकरी करते हैं। घटना 16 जुलाई की रात की है। दूसरे दिन 17 जुलाई को जब महिला रोजाना की तरह घर से बाहर नहीं निकली तब पड़ोसियों को कुछ सन्देह हुआ तब उन्होंने इसकी सूचना उसके पति को दी। दूसरे दिन पति घर पहुंचा तो अंदर का दृश्य देखकर अवाक रह गया। घर के अंदर उसकी पत्नी मृत अवस्था में पड़ी थी। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जांच शुरू कर दी है।

## सरकार ने की गेहूँ के स्टॉ.क की सीमा निर्धारित

**कटनी।** भारत सरकार द्वारा व्यापारियों के लिए लिये गेहूँ के स्टॉक करने की सीमा निर्धारित कर दी गई है। यह सीमा 31 मार्च 2026 तक के लिए निर्धारित की गई है। निर्धारित सीमाथोक विक्रेता 3 हजार मीट्रिक टन तक और रिटेलर 10 मीट्रिक टन तक गेहूँ का भण्डारण कर सकते हैं। इसी तरह चेन रिटेलर के प्रत्येक आउटलेट के लिये 10 मीट्रिक टन की सीमा इस आधार पर निर्धारित की गई है कि सभी आउटलेट पर अधिकतम मात्रा आउटलेटों की कुल संख्या के 10 गुना मीट्रिक टन से अधिक भण्डारित नहीं होना चाहिये। वही प्रोसेसर के लिये स्टॉक की मात्रा उसकी मासिक स्थापित क्षमता के 70 प्रतिशत मात्रा को वर्ष 2025-26 के शेष महीनों से गुणा करने पर आने वाली मात्रा से अधिक नहीं होनी चाहिये।

## स्वच्छता एवं जलभराव की समस्या दूर करने विशेष अभियान

**कटनी।** वर्षा के दौरान नगर के सार्वजनिक मार्गो सहित निचली बस्तियों में जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो इस हेतु नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा सफाई अभियान चलाया जा रहा है। सुचारू सफाई व्यवस्था के तहत मिशन चौक, सुभाष चौक, गोल बाजार,स्‌टेशन रोड, चांडक चौक, बस स्टैंड परिसर,सेल्फी प्वाइंट एवं मुक्ति धाम परिसर सहित नगरीय एवं उप-नगरीय क्षेत्र के विभिन्न मार्गों की सफाई कराई गई।

## महिला कर रही थी तस्करी, 2.700 किलो गांजा के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

गांजा तस्करी करने पर एनकेजे पुलिस एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जुहली मोड़ पर एक महिला को संदिग्ध स्थिति में पकड़ा, जिसके पास से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया गया है। आरोपी महिला की पहचान रेखा सिंह निवासी जुहली के रूप में की गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम नियमित गश्त पर थी तभी जुहली मोड़ पर एक महिला संदिग्ध गतिविधियों के साथ खड़ी दिखाई दी। पुलिस दल को देखते ही महिला के व्यवहार में घबराहट देखी गई, जिससे उस पर संदेह हुआ। तत्पश्चात महिला की तलाशी ली गई, जिसमें उसके पास मौजूद एक पोटली से कुल 2 किलो 700 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (गांजा) बरामद किया गया। बरामद गांजे की अनुमानित बाज़ार कीमत लगभग 40,000 आंकी गई है। तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया और थाना लाकर पूछताछ शुरू कर दी। मामले में एन.के.जे. पुलिस ने आरोपी महिला के विरुद्ध एनडीपीएस (NDPS) एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा यह पता लगाया जा रहा है कि महिला यह मादक पदार्थ कहां से लाई थी और इसका वितरण किसे किया जाना था।

## लगातार ट्रैफिक जाम और यातायात पुलिस की निष्क्रियता से लोग प्रभावित

# टिकुरिया टोला में नो एंट्री के नियमों को कुचल रहे हैं ट्रक

सतना।

टिकुरिया टोला बास नाका क्षेत्र में परिवहन संबंधी चुनौतियाँ निवासियों के लिए एक गंभीर समस्या बन गई हैं। नो एंट्री नियमों के उल्लंघन,लगातार ट्रैफिक जाम और यातायात पुलिस की कथित निष्क्रियता से लोग प्रभावित है।भारी वाहन यातायात की अंतर्निहित आवश्यकता पैदा करती है। हालांकि,दशकों पुरानी शहरी नियोजन विफलताओं,नीतिगत विसंगतियों और अपर्याप्त बुनियादी ढांचे के कारण ये मुद्दे और भी जटिल हो गए हैं। यातायात पुलिस की कथित निष्क्रियता अक्सर इन गहरे प्रणालीगत मुद्दों का एक लक्षण मात्र होती है।





### बन गया है समस्याओं का केंद्र बिंदु

टिकुरिया टोला बास नाका,शहर के भीतर एक प्रमुख वाणिज्यिक और परिवहन केंद्र होने के कारण, इन समस्याओं का केंद्र बिंदु बन गया है,जहाँ भारी वाहनों की आवाजाही,नो एंट्री नियमों का उल्लंघन और परिणामस्वरूप होने वाले ट्रैफिक जाम निवासियों के लिए दैनिक असुविधा का कारण बन रहे हैं।

### गहरी रचनात्मक चुनौती

टिकुरिया टोला,एक केंद्रीय वाणिज्यिक और परिवहन केंद्र होने के कारण,इस आवश्यक आर्थिक गतिविधि से सीधे प्रभावित होता है। यह एक अंतर्निहित संघर्ष पैदा करता है: शहर का आर्थिक इंजन (परिवहन) टिकुरिया टोला जैसे क्षेत्रों में शहरी जीवन की गुणवत्ता और सुरक्षा को सीधे कमजोर करता है।यह समस्या केवल प्रवर्तन का मुद्दा नहीं है,बल्कि एक तेजी से शहरीकरण वाले वातावरण में आर्थिक आवश्यकताओं को जीवन की गुणवत्ता के साथ संतुलित करने की एक गहरी संरचनात्मक चुनौती है। दशकों पुरानी विकास योजनाओं (1986,2001,2021) का अस्तित्व,जिन्होंने स्पष्ट रूप से यातायात बुनियादी ढांचे की आवश्यकता को पहचाना और यातायात नगर जैसे समाधान प्रस्तावित किए,फिर भी सतना को नियोजित विकास से वंचित के रूप में वर्णित किया जाना,शहरी नियोजन के क्रियान्वयन में एक पुरानी और प्रणालीगत विफलता को दर्शाता है। यह इंगित करता है कि टिकुरिया टोला में वर्तमान समस्याएं अचानक नहीं हैं,बल्कि शहरी शासन,भूमि प्रबंधन और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परि योजनाओं के क्रियान्वयन में लंबे समय से चली आ रही कमियों का संचयी परिणाम हैं।



# इनकम टैक्स अधिकारी के घर चोरी का खुलासा, अंतर्राज्यीय गिरोह का एक सदस्य गिरफ्तार



### गुजरात और आंध्र प्रदेश सहित अन्य राज्यों में भी चोरी की बात कबूली

सतना। पुलिस ने इनकम टैक्स अधिकारी के घर हुई बड़ी चोरी का पर्दाफाश करते हुए एक अंतर्राज्यीय गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार किया है। यहां पर 27 और 28 जून की रात सिविल लाइन थाना क्षेत्र में महेंद्र कुमार गुप्ता के घर से सोने-चांदी के जेवरात,नकदी और दो मोटरसाइकिलें चोरी हो गई थीं। पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले और साइबर सेल की मदद से धार जिले के टांडा थाना अंतर्गत ग्राम गुडारिया के आरोपियों का पता लगाया। पुलिस टीम ने टांडा पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए शालू उर्फ शालम बमनिया 22 वर्ष को गिरफ्तार किया।शालू ने गुजरात और आंध्र प्रदेश सहित अन्य राज्यों में भी चोरी की वारदातों को अंजाम देने की बात कबूल की है। पुलिस ने एक चोरी की टीवीएस मोटरसाइकिल,एक जोड़ी सोने के झुमके और दो सोने की अंगूठियां (कुल अनुमानित कीमत 1.5 लाख) बरामद की हैं। गिरोह के चार अन्य सदस्य अभी फरार हैं। बाघ टांडा गिरोह के ये सदस्य दुर्गम पहाड़ी इलाकों में रहते हैं,जिससे इन तक पहुंचना चुनौती भरा होता है। सतना पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है।

# रोटरी क्लब का पद ग्रहण समारोह संपन्न, सेवा कार्यों में रोटरी का अमूल्य योगदान : सांसद






**सतना।** अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब का पद ग्रहण समारोह पन्ना रोड स्थित सिटी पार्क में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि सांसद गणेश सिंह ने डॉ.सुनील अग्रवाल को अध्यक्ष और उनकी पूरी टीम को पद ग्रहण कराया। सांसद गणेश सिंह ने रोटरी क्लब के पीड़ित मानवता की सेवा में अग्रणी भूमिका की सराहना की,विशेष रूप से पोलियो उन्मूलन में इसके योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने सतना में मेडिकल क्षेत्र के विकास पर जोर देते हुए कहा कि गंभीर मरीजों का इलाज यहीं हो सके। उन्होंने सेवा कार्यों में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में क्लब की पत्रिका 'रोटरी दर्शन' का विमोचन किया गया और नए सदस्यों का स्वागत किया गया। स्वागत सिंघई संजय जैन ने, आभार पवन गुप्ता ने और संचालन डॉ.रजनीश जैसवाल ने किया। समारोह में रोटरी के कई सदस्य, रोटरेक्ट और इनर व्हील के सदस्य उपस्थित रहे।

## गहोई महिला मंडल ने हरियाली तीज पर बिखेरा उल्लास का रंग



**सतना।** गहोई महिला मंडल,सतना ने हरियाली तीज का पर्व धूमधाम से मनाया। स्थानीय सभा स्थल पर आयोजित इस कार्यक्रम में मंडल की सदस्याएं पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुईं। अध्यक्ष श्रीमती ममता मोर ने स्वागत किया,वहीं प्रचार मंत्री श्रीमती छाया अरुसिया ने पर्व का महत्व बताया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में सावन के गीत,भजन,नृत्य और हास्य-व्यंग्य शामिल थे,जिन्होंने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। संयोजिकाओं श्रीमती शीतल कुचया और श्रीमती शिखा खंताल ने आभार व्यक्त किया। स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ,जिसमें अनेक सदस्याएं उपस्थित थीं। यह आयोजन महिलाओं की सामूहिक चेतना और सांस्कृतिक आस्था का प्रतीक बना।

# 2 लाख का गांजा जब्त,एक आरोपी गिरफ्तार



**सतना।** पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 किलो 400 ग्राम अवैध गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त किए गए गांजे की कीमत लगभग 2 लाख 8 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.शिवेंद्र सिंह बघेल के दिशा-निर्देशन तथा नगर पुलिस अधीक्षक डी.पी.सिंह चौहान के मार्गदर्शन में कोलगवां थाना प्रभारी निरीक्षक सुदीप सोनी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर 19 जुलाई को बाबूपुर स्थित राजेश प्रजापति के घर पर दबिश दी गई। पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे आरोपी राजेश प्रजापति उम्र 25 वर्ष,निवासी बाबूपुर कस्बा को घेराबंदी कर पकड़ा गया। उसके घर के पोर्च से सफेद बोरी और बैग में रखा 10 किलो 400 ग्राम गांजा बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20बी के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया और माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया,जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक दशरथ सिंह,सहायक उनि उदय नारायण सिंह सहित कई पुलिसकर्मियों का योगदान बताया जा रहा है।

### दलित पिछड़ा समाज 30 जुलाई को करेगा विधानसभा का घेराव



**रामपुर बघेलान।** दलित पिछड़ा समाज संगठन के प्रदेश सचिव प्रियेश यादव ने घोषणा की है कि संगठन 30 जुलाई को दोपहर 12 बजे मध्य प्रदेश विधानसभा का घेराव करेगा। यह विरोध प्रदर्शन 8 सूत्री मांगों को लेकर किया जाएगा,जिसमें प्रमुख रूप से पिछड़ा वर्ग को 52 प्रतिशत आरक्षण,ग्वालियर हाई कोर्ट परिसर में डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की स्थापना,सम्राट अशोक जयंती पर सरकारी अवकाश,छात्र संघ चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराने और निजी क्षेत्र में भी दलित-पिछड़ा वर्ग को जनसंख्या अनुपात में आरक्षण शामिल हैं। यह जानकारी शनिवार को हनुमानगंज में आयोजित एक आम सभा में दी गई,जिसमें संगठन के कई पदाधिकारी और सदस्य मौजूद थे।

# बारिश से बदहाल सड़कें,जनता हलकान,जनप्रतिनिधि मौन!



**सतना।** शहर और आसपास के ग्रामीण अंचलों में मानसूनी बारिश के साथ ही सड़कों की बदहाली ने विकराल रूप ले लिया है। आलम यह है कि चारों तरफ सिर्फ गहरे गड्ढे ही नजर आ रहे हैं,जिससे आवागमन जानलेवा साबित हो रहा है। लगातार हो रही बारिश ने इन गड्ढों को पानी से भर दिया है, जिससे इनकी गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो गया है और आए दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं। शहर के प्रमुख मार्गों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों की संपर्क सड़कें तक पूरी तरह से जर्जर हो चुकी हैं। जवाहर नगर,टिकुरिया टोला,रीवा रोड,बाइपास,और कई मुख्य चौराहों पर स्थिति बेहद खराब है। सड़कों पर बने विशालकाय गड्ढे वाहन चालकों और पैदल राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन गए हैं। दोपहिया वाहन चालकों के लिए तो यह किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं। कई बार अनियंत्रित होकर गिरते हुए लोगों को चोटें आई हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि हर साल बारिश के मौसम में यह समस्या विकराल रूप ले लेती है,लेकिन प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस ओर कोई ध्यान नहीं देते। हमारा जीना दुश्वार हो गया है। बच्चों को स्कूल भेजना भी खतरे से खाली नहीं है,एक स्थानीय नागरिक ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा। उनका आरोप है कि चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं,लेकिन जीतने के बाद जनता की समस्याओं को भुला दिया जाता है। इन टूटी सड़कों के कारण न केवल दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है,बल्कि वाहनों को भी भारी नुकसान पहुंच रहा है।ऑटो-रिक्शा चालकों और बस ऑपरेटरों को भी मरम्मत पर अतिरिक्त खर्च करना पड़ रहा है,जिसका सीधा असर उनकी कमाई पर पड़ रहा है। कई बार तो मरीज को अस्पताल ले जाते समय भी एंबुलेंस को इन्हीं गड्ढों के कारण परेशानी का सामना करना पड़ता है,जिससे इलाज में देरी भी हो सकती है। शहर के व्यापारिक संगठनों ने भी सड़कों की इस दयनीय स्थिति पर चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि खराब सड़कों के कारण व्यापार भी प्रभावित हो रहा है,क्योंकि ग्राहकों को आने-जाने में दिक्कत हो रही है। उन्होंने जिला प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से तुरंत इस समस्या का समाधान करने और सड़कों की मरम्मत कराने की मांग की है। जनप्रतिनिधियों की चुप्पी इस बात का संकेत देती है कि उन्हें जनता की तकलीफों से कोई सरोकार नहीं है। जनता अब सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने का मन बना रही है,क्योंकि उन्हें लगता है कि उनकी बात सुनने वाला कोई नहीं है। देखना यह होगा कि क्या प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस गंभीर समस्या पर संज्ञान लेते हैं या सतना की जनता को बदहाल सड़कों के साथ ही जीना पड़ेगा।

# रेलवे स्टेशन पर अंधेरे का राजः यात्री परेशान, सुरक्षा पर सवाल

सतना।



रेलवे स्टेशन और इसके परिसर में रोशनी की अपर्याप्त व्यवस्था के कारण यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शाम ढलते ही पूरा स्टेशन परिसर अंधेरे में डूब जाता है,जिससे यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों का कहना है कि प्लेटफॉर्म,वेटिंग रूम और यहां तक कि टिकट काउंटर के आसपास भी पर्याप्त लाइट नहीं है। रात के समय,खासकर देर रात ट्रेनों से उतरने वाले यात्रियों को अपने सामान के साथ रास्ता खोजने में काफी मुश्किल होती है। बुजुर्गों और बच्चों के साथ यात्रा कर रहे परिवारों के लिए यह स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण हो जाती है। कई यात्रियों ने अंधेरे के कारण ठोकर लगने और गिरने की शिकायत भी की है। परिसर में रोशनी की कमी के कारण असामाजिक तत्वों की सक्रियता का खतरा भी बढ़ गया है।यात्रियों को अपने सामान की सुरक्षा को लेकर चिंता सताती है,क्योंकि अंधेरे का फायदा उठाकर चोरी या अन्य अपराधिक घटनाएं हो सकती हैं। महिला यात्रियों की सुरक्षा को लेकर भी विशेष चिंता व्यक्त की जा रही है। स्थानीय निवासियों और नियमित यात्रियों ने कई बार रेलवे प्रशासन से इस समस्या के समाधान की मांग की है,लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उनका कहना है कि सतना एक महत्वपूर्ण रेलवे जंक्शन है और यहां से बड़ी संख्या में यात्री आवागमन करते हैं। ऐसे में स्टेशन पर मूलभूत सुविधाओं का अभाव,खासकर रोशनी की कमी,बेहद निराशाजनक है।

यात्रियों ने रेलवे अधिकारियों से तत्काल इस गंभीर समस्या पर ध्यान देने और सतना रेलवे स्टेशन व परिसर में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने की अपील की है ताकि यात्रियों को सुरक्षित और सुविधा जनक यात्रा का अनुभव मिल सके।

# उचेहरा में पूर्व पार्षद की कार को आग लगाई,जलकर हुई खाक

### बाउंड्री कूदकर बदमाशों ने पेट्रोल छिड़ककर वारदात को दिया अंजाम



**सतना।** उचेहरा नगर में शनिवार-रविवार की रात अज्ञात बदमाशों ने पूर्व पार्षद महेश शर्मा 'दाऊ' की कार में आग लगा दी। वार्ड नंबर 4 स्थित उनके आवास पर हुई इस घटना ने इलाके में सनसनी मचा दी। पूरी घटना उस समय हुई जब महेश शर्मा का परिवार गहरी नींद में था और बदमाशों ने इसका फायदा उठाया। जानकारी के अनुसार,अज्ञात बदमाशों ने पहले बाउंड्री वॉल कूदकर घर के अंदर प्रवेश किया और पार्किंग में खड़ी वाहन एमपी 04 वाय सी-5627 पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। जैसे ही आग की लपटें तेज़ी से उठीं, गाड़ी का सायरन बजने लगा और इससे घर के लोग जाग गए। आनन-फानन में घरवालों ने आग पर काबू पाया,लेकिन तब तक गाड़ी का आधा हिस्सा जल चुका था। आग केवल वाहन तक सीमित रही और किसी प्रकार की जनहानि या संपत्ति का अधिक नुकसान नहीं हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही उचेहरा थाना प्रभारी सतीश मिश्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर बदमाशों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

**खबर संक्षेप**

## सर्पदंश से जनसामान्य के बचाव के लिए आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा एडवाइजरी जारी

**पन्ना।** आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने सर्पदंश के मामलों को गंभीरता से लेते हुए इसे स्थानीय आपदा घोषित किया है। बारिश के मौसम में बढ़ने वाली इन घटनाओं की रोकथाम के लिए एक बहुआयामी रणनीति तैयार की है, जिसमें जनजागरूकता, आपातकालीन सेवाओं का सुदृढ़ीकरण और निवारण संबंधी उपाय शामिल किए गए हैं। इस अभियान के तहत ग्राम पंचायत और शहरी वार्ड स्तर पर स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सोशल मीडिया, रेडियो, होर्डिंग्स और प्रिंट मीडिया के जरिए सर्पदंश से बचाव और प्राथमिक उपचार की जानकारी प्रसारित की जाएगी। स्कूलों और कॉलेजों में विशेष सत्र आयोजित कर विद्यार्थियों को इस खतरे और उससे बचाव के उपायों के बारे में शिक्षित किया जाएगा। प्रत्येक जिले में प्रशिक्षित सर्प मित्र और स्नेक कैचर्स की तैनाती की जाएगी, जिनके हेल्पलाइन नंबर जनता को उपलब्ध कराए जाएंगे। सभी सरकारी अस्पतालों में एंटी वेनम (विषनाशक दवा) का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित किया जाएगा। पीड़ितों को निकटतम चिकित्सा केन्द्र तक पहुँचाने की व्यवस्था को और सुचारू बनाया जाएगा, ताकि आपात स्थिति में त्वरित सहायता मिल सके। जनजागरूकता गतिविधि में ग्रामीणों को खेतों और जंगलों में काम करते समय मोटे जूते और दस्ताने पहनने की सलाह दी जाएगी। घरों के आसपास सफाई रखने, झाड़ियों को काटने और कूड़े के उचित निपटान पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पशुपालकों को पशुशालाओं के आसपास बाड़ लगाने और पर्याप्त रोशनी का प्रबंध करने की सलाह दी गई है। पर्यटन स्थलों पर सर्प अधिकता क्षेत्रों को चिन्हित करने और चेतावनी बोर्ड लगाने का भी प्रावधान किया गया है।जिले की जनता से अपील की गई है कि सर्पदंश की स्थिति में झाड़ फूंक या देसी उपचार की बजाय तुरंत निकटतम अस्पताल पहुँचें, क्योंकि पहला एक घंटा गोल्डन आवर यानि जीवन रक्षक होता है। साथ ही, सांपों को मारने या परेशान करने के बजाय उन्हें दूर भगाने के उपाय करने पर जोर दें।

## गेहूं का अधिकतम स्टॉक 3 हजार मीट्रिक टन निर्धारित

**पन्ना।** भारत सरकार द्वारा व्यापारियों के लिए 31 मार्च, 2026 तक के लिये गेहूँ के स्टॉक की सीमा निर्धारित कर दी गयी है। व्यापारी व थोक विक्रेता 3 हजार मीट्रिक टन तक और रिटेलर 10 मीट्रिक टन तक गेहूं का भण्डारण कर सकते हैं। इसी तरह चेन रिटेलर के प्रत्येक आउटलेट के लिये 10 मीट्रिक टन की सीमा इस आधार पर निर्धारित की गई है कि सभी आउटलेट पर अधिकतम मात्रा आउटलेटों की कुल संख्या के 10 गुना मीट्रिक टन से अधिक भण्डारित नहीं होना चाहिये। प्रोसेसर के लिये स्टॉक की मात्रा उसकी मासिक स्थापित क्षमता के 70 प्रतिशत मात्रा को वर्ष 2025-26 के शेष महीनों से गुणा करने पर आने वाली मात्रा से अधिक नहीं होना चाहिये। सरकार ने गेहूं की जमाखोरी रोकने और कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए स्टॉक सीमा को 31 मार्च 2026 तक बढ़ा दिया है। व्यापारी, थोक विक्रेता, खुदरा विक्रेता और प्रोसेसर अब तय सीमा में गेहूं का भंडारण कर सकते हैं। उल्लंघन करने वालों पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। यह कदम खाद्य सुरक्षा और बाजार में गेहूं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।

## कुठिया महगवां में मतदान 22 जुलाई को होगा

**कटनी।** जनपद पंचायत बड़वारा की ग्राम पंचायत कुठिया महगवां के वार्ड क्रमांक 4 के पंच पद के निर्वाचन हेतु मतदान 22 जुलाई को प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। इसके लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला के अतिरिक्तक कक्ष को मतदान केन्द्र बनाया गया है। डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्तास ने बताया कि जिले की जनपद पंचायत बड़वारा की ग्राम पंचायत कुठिया महगवां के वार्ड क्रमांक 4 में पंच पद हेतु विधिमान्य दो अभ्यर्थी चुनाव मैदान में है।

# नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत पन्ना पुलिस द्वारा साप्ताहिक बाजार में किया शपथ कार्यक्रम

### शौर्य दल एवं आशा कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता से जनजागरूकता को मिला नया आयाम

पन्ना।



नशे से दूरी है जरूरी' विशेष जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत पन्ना जिले में पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन में निरंतर प्रभावी गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। आज दिनांक 20 जुलाई 2025 को इस अभियान के अंतर्गत साप्ताहिक बाजार क्षेत्र में एक विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ कैडेट्स, शौर्य दल के सदस्यगण एवं आशा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बाजार में आए सैकड़ों नागरिकों को सामूहिक रूप से नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। उपस्थित जनसमूह ने संकल्प लिया कि वे नशे से दूर रहेंगे और समाज को भी इसके दुष्परिणामों से बचाने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर नशे से प्रेरित सामाजिक, मानसिक एवं शारीरिक हानियों की जानकारी आमजन को दी गई तथा एक सशक्त नशामुक्त समाज के निर्माण में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया।

### कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही मानव श्रृंखला

जनमानस को एकजुटता और संकल्प का प्रतीक संदेश देने हेतु पुलिस कर्मियों, एनसीसी कैडेट्स, शौर्य दल व आशा कार्यकर्ताओं द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर नशामुक्त पन्ना का आह्वान किया गया। इस अनुशासित, प्रभावशाली एवं प्रेरणास्पद दृश्य ने नागरिकों को भावनात्मक रूप से जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान नशामुक्ति जागरूकता से संबंधित पंपलेट्स एवं पोस्टर्स का वितरण भी किया गया, जिनमें नशे के दुष्परिणामों की जानकारी के साथ इससे बचाव और निवारण के उपाय दर्शाए गए थे। यह विशेष जनजागरूकता अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई 2025 तक जिले में संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत रैलियाँ, नुक्कड़ नाटक, निबंध प्रतियोगिता, विद्यालयीन संवाद सत्र, एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं।

# अजयगढ़ कस्बे में पुलिस ने थाना से आरंभ कर साईकिल रैली, समूचे कस्बे में लोगों को नशे से दूरी बनाने को लेकर किया जागरूक



**पन्ना।** म0प्र0 पुलिस ने जहां लोगों को नशे से दूरी बनाने के लिये जो अभियान चलाया है यह निश्चित तौर पर समूचे प्रदेश में जहां शांति व खुशहाली का मार्ग तय करेगा वहीं अपराधों में कमी भी सामने आयेगी अक्सर नशे के हालात में अपराध घटित होते है वहीं परिवार भी जो बिखरते है टूटने से परिवार बचेंगे विकास का मार्ग शांति सदभाव के साथ तय हो सकता है दूरगामी सोच के चलते पुलिस का प्रयास समाज की प्रगति के लिये महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नशा से ही जहां विनाश का मार्ग तय होता है परिवार हो या समाज नशे से कहीं न कहीं विखर जाता है एक व्यक्ति ही नशे में अगर लिप्त होता है तो वह स्वयं तो अपना जीवन बर्बाद करता ही है उसके साथ-साथ परिवार व समाज भी कहीं न कहीं प्रभावित होता है वर्तमान समय में म0प्र0 पुलिस के द्वारा जो संपूर्ण जिलों में यह अभियान चलाया गया जिसके चलते पुलिस हमारे जिले में भी हर थाने से जो नशे से दूरी बनाने के लिये जन-जागरूकता अभियान चला रही है उसी की कड़ी में आज अजयगढ़ थाना से जहां थाना प्रभारी बखत सिंह ठाकुर व वन परिक्षेत्राधिकारी तथा सीएम राईज विद्यालय के प्राचार्य बीरेन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में युवाओं के साथ समूचे कस्बे में नशे से दूरी बनाने को लेकर जन-जागरूकता साईकिल रैली निकालकर दिया गया संदेश। थाना अजयगढ़ मे आज दिनांक 20/07/2025 को नशा से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत कस्बा अजयगढ़ में साइकिल रैली निकाल कर जागरूक किया व नशे से दूरी के लिये प्रचार प्रसार किया। साइकिल रैली में राजस्व विभाग से आर डी बौध्य नायब तहसीलदार महोदय,शिक्षा विभाग से वीरेंद्र मिश्रा सीएम राइज स्कूल अजयगढ़,वन विभाग से रेंजर वैभव सिंह चंदेल व पंकज दुबे जी और छात्र व नगर नवयुवक/नागरिक शामिल हुए।

# श्री जुगल किशोर मंदिर प्रांगण में 20 से 27 जुलाई तक आयोजित हो रहा है कार्यक्रम




**पन्ना।** धार्मिक और आध्यात्मिक चेतना की दृष्टि से अद्वितीय मानी जाने वाली पन्ना नगरी एक बार फिर पुण्य की उस पावन धारा से अभिसिंचित हो रही है, जो श्रद्धा, भक्ति और श्रीहरि की कथा के रूप में प्रवाहित होती है। 20 जुलाई से 27 जुलाई 2025 तक, श्री जुगल किशोर जी मंदिर प्रांगण, पन्ना में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें व्यासपीठ से श्री सत्यम कृष्ण ठाकुर जी महाराज श्रीमद्भागवत का रसपूर्ण व्याख्यान दे रहे हैं। यह आयोजन प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से प्रारंभ होता है, जो हरि इच्छा तक चलता है।

### पन्ना- केवल नगर नहीं, आस्था की भूमि

पन्ना केवल एक भौगोलिक स्थल नहीं, बल्कि आस्था का वह तीर्थ है जहाँ प्रत्येक पत्थर में श्रीहरि की छाया महसूस होती है। यहाँ के मंदिरों में चारों धामों की अनुभूति होती है और भागवत कथा जैसे आयोजन इस नगरी की आत्मा में समाहित हैं। इसी भूमि के हृदय में अवस्थित श्री जुगल किशोर जी मंदिर केवल मंदिर नहीं, अपितु उन दिव्य भावों का केंद्र है, जहाँ कथा कहने को कथावाचक अपना सौभाग्य मानते हैं। कुछ समय पूर्व इस मंच से राष्ट्रीय स्तर के प्रवक्ता और गौसेवक बृजेश जी महाराज ने कहा था यह सपना था, जो जुगल किशोर जी की कृपा से पूर्ण हुआ।

### अब श्री सत्यम कृष्ण ठाकुर जी महाराज कर रहे हैं अमृतमयी व्याख्या'

पन्ना की पुण्य भूमि में जन्मे श्री सत्यम कृष्ण ठाकुर जी महाराज बचपन से ही भजन, भागवत और भक्ति के सच्चे उपासक रहे हैं। उनकी वाणी में न केवल विद्वत्ता है, बल्कि हृदय को स्पर्श करने वाली सरलता और आत्मीयता भी है। उनके कथा-वाचन में जहाँ तर्क है, वहाँ रस भी है कृ जहाँ शास्त्र है, वहाँ श्रद्धा भी। यह आयोजन केवल कथा नहीं, अपितु कलश यात्रा से परीक्षित संवाद तक, श्रवण से आत्मानुभूति तक की एक आध्यात्मिक यात्रा है।

### पहले दिन का प्रसंग'

कथा के प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई तथा बैठकी के उपरांत श्रीशुकदेव-परीक्षित संवाद का भावपूर्ण प्रसंग सुनाया गया।

### जनसामान्य से अनुरोध'

कथा आयोजन समिति ने नगरवासियों एवं आसपास के श्रद्धालुजनों से अनुरोध किया है कि वे इस अद्वितीय आयोजन का हिस्सा बनें और श्रीकृष्ण प्रेम, भक्ति और भगवत तत्वज्ञान की इस पावन वर्षा का लाभ लें।

# जिला प्रशासन के मुखिया की सोच गायों की सुरक्षा व संपूर्ण समाज के लिये खुशहाली का मार्ग, समूचे जिले में ऐरा प्रथा में लगेगी विराम

### पन्ना कलेक्टर के आदेश को कब दी जायेगी तरजीह, बिसानी की सड़कों पर मवेशियों का कब्जा, पंचायत कर्मी बने मूकदर्शक



**पन्ना।** जिला प्रशासन के मुखिया कलेक्टर सुरेश कुमार की सोच के चलते जहां आवारा मवेशियों (गायों) गौशालाओं में रखे जाने के लिये जो दिशा तय की गई है वह ऐरा प्रथा जैसी कुरीति को विराम लगाने के लिये बड़ा कदम है वैसे तो समाज के सभी जिम्मेदारों को स्वयं ही यह विचार करना चाहिये कि जब गाय हमारी माता है वहीं गाय का दूध निकालने व पीने के लिये गाय पालते है तो फिर ऐरा रूप में खुले आसमान के नीचे आवारा के रूप में सड़कों में विचरण करने के लिये क्यों छोड़ा जाता है। क्या प्रशासन के साथ-साथ समूज की नैतिक जिम्मेदारी क्या यहां नहीं बनती आखिर कब हम अपनी संस्कृति को बचाये रखने के लिये आगे आयेंगे जहां हम अपने शास्त्रों व वेदों में गाय की महिमा से बखूबी परचित है वहीं गाय को गौ माता का दर्जा प्रदान किया जाता है 80 करोड़ देवताओं का निवास माना जाता है फिर भी आवारा रूप में खुले आसमान के नीचे विचरण करने के लिये आखिरकार पालक क्यों छोड़ते है जिला प्रशासन के मुखिया ने तो व नेक सोच के चलते जहां समाज के लिये उत्थान का मार्ग वहीं आये दिन सड़कों में हादसे जो होते है उन पर भी विराम लगाना साथ ही असमायिक सड़कों में गायों की मौत भी कई बार नजर आती है साथ ही गौ शालायें जो खोली गई है उनमें गायों का रखा जाना क्या वास्तविकता की दिशा नहीं है। इतना ही नहीं समाज के सभी जिम्मेदार पालक जो गायों को पालते है आखिरकार कब जागेंगे। गांव हो या नगर पूर्व से हम आप सब जानते है कि जो भी पालक गायों को पालते है तो उन्हें खुले में छोड़ने को लेकर क्यों उचित माना जा रहा है। आखिरकार फसलों का भी नुकसान सभी किसान भाईयों का होता है वहीं कई बार असमायिक दुर्घटनायें भी घटित होती है विशेषतौर पर जो अभियान समूचे जिले में गायों की सुरक्षा व आम आदमी के आवागमन को भी सुचारू रूप से तय करने के लिये भी महत्वपूर्ण है वहीं फसलों की सुरक्षा भी जुड़ी हुई है यह तो महत्वपूर्ण कार्य सदैव के लिये अनुकरणीय है जिसमें वर्तमान और भविष्य दोनों के सुधरने के लिये यह उचित समय को लेकर माना जा रहा है जिला प्रशासन के मुखिया ने जो जिले में अभियान चलाकर गायों की सुरक्षा के साथ-साथ सभी को जगाने के लिये जो यह कार्य को दिशा दी है वह निश्चिततौर पर सभी आगे आकर सहयोग के रूप में दायित्व निभाने के जरूरत मानी जा रही है पंचायत हो या ग्रामीण सभी मिलकर आगे आयें ताकि हमारे जिले से ऐरा प्रथा पर विराम लगे वैसे तो समूचे बुन्देलखण्ड की बड़ी समस्या है पर पन्ना से जो यह आगाज हुआ है इस पर अगर सही तरीके से कार्य किया गया तो निश्चिततौर पर खुशहाली के साथ-साथ भविष्य में भी पुन्य का कार्य जाना जायेगा। ज़लि कि जनपद शाहनगर के बिसानी ग्राम पंचायत में प्रशासनिक आदेशों की खुलकर अनदेखी हो रही है। कलेक्टर द्वारा सड़कों से मवेशियों को हटाने के स्पष्ट निर्देश दिए जाने के बावजूद, गांव की सड़कों पर आज भी मवेशियों का जमावड़ा बना हुआ है। इससे न केवल आमजन को आवागमन में परेशानी हो रही है, बल्कि आए दिन दुर्घटनाओं का भी खतरा बना रहता है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार पंचायत को शिकायत दी, लेकिन पंचायत कर्मियों द्वारा इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। साफ़ तौर पर पंचायत प्रशासन कलेक्टर के आदेशों को कब तरजीह देगा। पथरीली व तंग सड़कों पर मवेशियों का खुलेआम विचरण, बच्चों व बुजुर्गों के लिए खासा खतरा बन गया है। अब देखना होगा कि जिला प्रशासन इस लापरवाही पर क्या कार्यवाही करता है। विगत वर्षो भी पन्ना कलेक्टर का आदेश जारी हुआ था परन्तु शाहनगर कि पंचायतो में इसका कोई खास नज़र नहीं आटा हैं। स्वयं इसी वर्ष भी देखा जा रहा है।

# कलेक्टर के निर्देश पर सड़कों से गौवंश हटाने की कार्रवाई लगातार जारी






पन्ना।

*कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देश का जिम्मेदारी पूर्वक अनुपालन किया जा रहा है। जिले के मुख्य मार्गों व बाजारों में आवागमन के रास्तों पर भटकते पशुओं को पकड़कर सुरक्षित रूप से गौशाला विस्थापित किया जा रहा है। जिला कलेक्टर द्वारा विगत दिवस अधिकारियों को निर्देशित किया गया था कि पन्ना जिले के समस्त मुख्य मार्गों से पशुओं को प्रमुखता से हटाया जाए एवं सुरक्षित रूप से उन्हें निकटतम गौशालाओं, गौ संरक्षण केन्द्रों आदि में विस्थापित किया जाए। जिसके अनुपालन में जिले के मुख्य मार्गों, चौराहों, बाजारों से आवारा एवं घुमक्कड़ पशुओं को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जा रहा है। नगर पालिका परिषद पन्ना द्वारा शनिवार को शहर की सड़कों पर हांका लगवाकर लगभग 100 गौवंश को गौशाला भिजवाया गया। इस क्रम में पहाड़ीखेरा मार्ग से भी बड़ी संख्या में गौवंश के विस्थापन की कार्रवाई की गई। इसके अलावा अजयगढ़ एवं गुनौर क्षेत्र सहित अन्य स्थानों पर भी गौवंश को सुरक्षित आश्रय स्थल भेजा गया।*

# नगर के वार्ड क्रमांक 13 में हुआ अखण्ड श्रीराम संकीर्तन एवं भंडारे का आयोजन





कायाकल्प अभियान 2.0 के तहत सीसी निर्माण का हुआ लोकार्पण

**पवई।** सावन माह में शिव पूजा का विशेष महत्व होता है। लोग मंदिरों के साथ साथ अपने घरों एवं सार्वजनिक स्थानों पर धार्मिक कार्यक्रम कर रहे हैं। इसी कड़ी में पवई नगर के शिव शक्ति कालोनी बार्ड क्रमांक 13 शिव मंदिर में अखण्ड श्रीराम संकीर्तन का आयोजन वार्ड पार्षद अजीत बड़ोलिया एवं वार्ड वासियों द्वारा किया गया। शनिवार को रामधुन की बैठकी एवं रविवार को समापन पश्चात कन्या भोज, प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कायाकल्प अभियान 2.0 योजना के अंतर्गत वार्ड में शिवम अग्रवाल के घर से राकेश तिवारी के मकान तक बनाई गई 23.60 लाख की लागत से बनी सीसी का पवई विधायक प्रहलाद लोधी लोकार्पण किया गया। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष वसंत दहायत, सीएमओ विनीत नगायच के साथ वार्डवासी मौजूद रहे।

# विकास के दावों की खुली पोल, 90 लाख की पुलिया हुई क्षतिग्रस्त, भ्रष्टाचार के अकंठ में डूबा ग्रामीण यांत्रिक विभाग





अमानगंज पन्ना

जिले मे भ्रष्टाचार दीमक की तरह फैला हुआ है किंतु जिले के जिम्मेदार अधिकारी गहरी निद्रा मे सोये हुए हैं । ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है ग्राम मढिया कला के सिमरी ग्राम का जहां पर आज एक वर्ष पूर्व ठेकेदार के द्वारा कढ़वानी नाला पर आवागवन की सुविधा को देखते हुए पुलिया का निर्माण किया गया था। परन्तु ठेकेदार एवं भ्रष्ट अधिकारियों की मिली भगत से पुल क्षतिग्रस्त मुद्रा में दिखाई दे रहा है। ठेकदार के खेर खुशामद में जिले के आला अधिकारी लगे रहे और कार्य की गुणवत्ता पर किसी ने ध्यान नहीं दिया सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि ग्राम बिल्हा से सिमरी पहुंच मार्ग शासन द्वारा **RES** विभाग से स्वीकृत कराया गया था परन्तु बरसात के दिनों में सड़क मार्ग पूरी तरह से दलदल मे तब्दील हो गया है एवं ग्रामीणों को आवागमन का एक ही मार्ग होने से भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। अब सवाल उठता है कि जिले से भारी भरकम राशि स्वीकृति होने के बाबजूद भी निर्माण कार्य घटिया क्यों कराया गया है। इसकी बारीकी से जांच होनी चाहिए। यदि जिले का प्रशासन चाहता तो यह पुलिया नोटो की गड्डियों से भी बनाई जा सकती थी, परन्तु भ्रष्टाचारियों ने बहुत बड़े भ्रष्टाचार को अंजाम दिया है। पन्ना जिले का ग्रामीण यांत्रिकीय विभाग वर्षों से भ्रष्टाचार मे डूबा रहा है जहां पर छुटभैया नेताओं की अधिकारियों एवं ठेकेदार की मिलीभगत से रोजीरोटी चलती रही है और बदनाम प्रदेश की सरकार का हो रहा है। यह निर्माण कार्य हमारे क्षेत्रीय गुनौर विधायक डॉ राजेश कुमार वर्मा के विधानसभा मे कराया गया है,जो जन चर्चा का विषय बना हुआ है अब देखना ये है कि इन भ्रष्टाचारियों के ऊपर लगाम कौन लगाएगा यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

# तेंदुए ने किया गरीब आदिवासी किसान की गर्दन पर प्रहार



**पन्ना।** विकासखंड शाहनगर अंतर्गत ग्राम परासी के खर्रा निवासी रामचरण आदिवासी उम्र 50 वर्ष ने बातचीत के दौरान बताया की आज सुबह लगभग 10:00 बजे वह बकरी चराने खेत जा रहा था की तभी पीछे से घात लगाए तेंदुए ने उसकी गर्दन पर हमला कर दिया जिससे वह जमीन पर गिर गया और गंभीर रूप से जख्मी हो गया जानकारी की सूचना प्राप्त होते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायल आदिवासी किसान को आनन फानन में एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहनगर लाया गया जहां उपचार जारी है। क्षेत्र में तेंदुए के होने की खबर जैसे ही आसपास के ग्रामीणों को हुई सारे क्षेत्र में सनसनी फैल गई वन विभाग की टीम तेंदुए को रेस्क्यू कर आबादी वाले क्षेत्र से दूर ले जाने के प्रयास में जुटी हुई है जिससे लोग अपने अपने घरों में महफ़ूज़ रह सके।

# सकरिया डिघौरा मार्ग के अंतर्गत गुनौर नगर में बनाए गए डिवाइडर में दोबारा लगाए जा रहे पौधे

हरिभूमि समाचार पत्र में लगी खबर का हुआ असर



### एक ही स्थान में दो अलग-अलग मदों से वृक्षारोपण पर खर्च हो रहे लाखों रूपए

**गुनौर।** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सकरिया से डिघौरा सड़क निर्माण कार्य जो लग-भग पूर्ण होने जा रहा है सड़क निर्माण के साथ-साथ डिवाइडर का भी निर्माण नगर परिषद गुनौर में भी किया गया है जिसमें कुछ समय पूर्व ठेकेदार द्वारा पौधा लगाने का कार्य सकरिया से डिघौरा तक सड़क में बनाए गए सभी डिवाइडरों में किया गया था। जिस पर गुनौर नगर परिषद द्वारा फिर से उसी डिवाइडरों में पेड़ लगाने का कार्य चालू कर दिया गया है इनके पूर्व पी.डब्लू.डी विभाग द्वारा लाखों रुपए खर्च कर पेड़ लगाए फिर उसी डिवाइडरों पर नगर परिषद गुनौर अपने मद से लाखों रुपए खर्च कर पेड़ लगाने का कार्य चालू कर रही है इस तरह से शासकीय राशि का दुरुपयोग हो रहा है जिस पर प्रशासन को ध्यान देना चाहिए और जब किसी विभाग द्वारा पूर्व में। वृक्षारोपण का कार्य हो चुका है तो उस पर दोबारा पैसा खर्च करना न्याय संगत नहीं है।

## खबर संक्षेप



### अप्रवासी भारतीयों के सम्मान के लिए शुरू हुआ अभियान

**खजुराहो।** दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर फ्रांस-इटली और मतंगेश्वर सेवा समिति खजुराहो ने अप्रवासी भारतीयों को भारत में विशेष सम्मान दिलाने के लिए एक अभियान शुरू किया है। फ्रांस में रहने वाले रहीश भारती को भारतीय ग्रामीण और क्षेत्रीय कला के प्रचार-प्रसार के लिए पद्मश्री पुरस्कार की सिफारिश की गई है।

दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर फ्रांस व इटली और खजुराहो की मतंगेश्वर सेवा समिति के पंडित सुधीर शर्मा ने यूरोप में एक अनूठा अभियान शुरू किया है, जिसका उद्देश्य विदेशों में भारतीय संस्कृति और कला का परचम लहराने वाले अप्रवासी भारतीयों को भारत में सम्मान दिलाना है। इस अभियान के तहत फ्रांस निवासी रहीश भारती को भारतीय ग्रामीण और क्षेत्रीय कला के प्रचार-प्रसार के लिए पद्मश्री पुरस्कार देने की सिफारिश फ्रांस के भारतीय राजदूत की सहायता से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की गई है। जलपुरुष पद्मश्री उमाशंकर पांडे ने इस पहल में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है। रहीश भारती 25 वर्षों से यूरोप में भारतीय संस्कृति के प्रचारक और सांस्कृतिक सेवक के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने 119 देशों में 2,500 से अधिक प्रस्तुतियां दी हैं, जिनमें बुंदेलखंड और राजस्थान की संगीतमय और आध्यात्मिक विरासत को भक्ति भजनों, सूफी कव्वालियों और लोक कलाओं के माध्यम से जीवंत किया है। उनकी यह यात्रा राष्ट्रीय भक्ति की भावना से प्रेरित है। इस अभियान में भारत गौरव से सम्मानित इटली के मोहन चौहान, फ्रांस के सुरेंद्र गुप्ता, माधुरी गुप्ता और बेल्जियम के डायमंड व्यापारी मंगलदीन रजक ने भी सहयोग का वादा किया है।

### अमृत हरित महा अभियान के तहत ट्रेंचिंग ग्राउंड में वृक्षारोपण



*सांसद और विधायक के मार्गदर्शन में 12 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य*

**खजुराहो।** मध्य प्रदेश शासन के अमृत हरित महा अभियान और एक पेड़-मां के नाम पहल के तहत ट्रेंचिंग ग्राउंड में व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान में स्थानीय नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और क्षेत्र को हरित बनाने का संकल्प लिया। मध्य प्रदेश शासन के अमृत हरित महा अभियान के अंतर्गत खजुराहो नगर परिषद ने सांसद वी डी शर्मा और स्थानीय विधायक अरविंद पटेरिया के मार्गदर्शन में कलेक्टर छतरपुर के निर्देशन में ट्रेंचिंग ग्राउंड में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। नगर परिषद अध्यक्ष अरुण अवस्थी और सीएमओ बसंत चतुर्वेदी की अगुवाई में उपाध्यक्ष बिट्टी बाई, जनप्रतिनिधि आशाराम पाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव सिंह बघेल, रविंद्र पाठक, सुरेंद्र खरे, आदित्य प्रताप सिंह, राजेश शिवहरे, शिया राम शुक्ला, मानसिंह, और विरेंद्र सिगौत सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। इस दौरान आम, अमरूद, जामुन, समी, बेल, नींबू सहित अन्य पौधे रोपे गए। गौरव सिंह बघेल ने बताया कि शासन के लक्ष्य के अनुसार इस वर्ष खजुराहो में 12 हजार पौधे रोपे जाएंगे। एयरपोर्ट से कन्वेंशन हॉल तक सड़क के दोनों किनारों पर भी पौधरोपण किया जा रहा है। नगर परिषद अध्यक्ष ने सभी सहयोगी संस्थाओं, स्टार होटल्स, मैरिज गार्डन, निजी और शासकीय कार्यालयों को प्रति संस्था 500 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया है।

### राईपुरा घाटी में हुई ट्रक लूट का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

*हथियार, नगदी और मोबाइल बरामद, फरार आरोपी की तलाश जारी*

**छतरपुर।** जिले के किशनगढ़ थाना क्षेत्र में राईपुरा घाटी पर हुई ट्रक लूट की घटना का पुलिस ने मात्र 6 घंटे के भीतर खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, हथियार, नगद राशि और मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं, जबकि तीसरे फरार आरोपी की तलाश जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात थाना किशनगढ़ क्षेत्र की राईपुरा घाटी में एक ट्रक पर धीमी गति के कारण फरसा मारकर रुकवाने और लूट की घटना की सूचना पुलिस को मिली थी, जिसके बाद डायल 100 टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से एक आरोपी को पल्सर मोटरसाइकिल सहित पकड़ा, जबकि दूसरा आरोपी जंगल की ओर भाग गया, जिसे जंगल में सघन तलाशी के बाद कुछ घंटों में पकड़ लिया गया।

**हाल जानने पहुंचे भाजपा-कांग्रेस के नेता, एसपी ने तीन को किया निलंबित**

# पुलिस की मारपीट के खिलाफ पीड़ितों ने आधी रात तक दिया धरना

छतरपुर।



नौगांव पुलिस द्वारा चोरी के संदेह में 4 युवकों के साथ की गई मारपीट का मामला कल से लगातार सुर्खियों में है। बीती शाम पीड़ितों द्वारा जिला मुख्यालय पर एसपी ऑफिस के बाहर शुरु किया गया धरना प्रदर्शन रात करीब 2 बजे तक चला। इस दौरान स्थानीय भाजपा-कांग्रेस के नेता भी मौके पर पहुंचे, जिन्होंने पीड़ितों से मुलाकात की और उनका पक्ष सुनकर कार्रवाई का भरोसा दिलाया। वहीं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान नेता प्रतिपक्ष ने भी फोन पर पीड़ितों से बात की। रविवार की सुबह पुलिस अधीक्षक ने इस मामले में 3 पुलिसकर्मियों को निलंबित करने के साथ ही पीड़ितों की एमएलसी कराई है।

उल्लेखनीय है कि नौगांव थाना क्षेत्र के धर्मपुरा गांव के रहने वाले पांच आदिवासी युवकों, प्रताप, श्रीराम, रितु, मीरा और बालंदी का आरोप है कि गत 15 जुलाई को शाम साढ़े 7 बजे नौगांव पुलिस ने शिकारपुरा रोड से उन्हें विद्युत डीपी का तेल चोरी करने के शक में पकड़ा था, जिसके बाद थाने में उनके साथ बेरहमी से पिटाई की गई और गुप्तांग में मिर्च डालकर यातना दी गई। शनिवार की शाम को पीड़ितों ने भीम आर्मी के साथ एसपी कार्यालय के बाहर धरना शुरू किया, जिसमें बच्चे और महिलाएं भूखे-प्यासे शामिल रहे। समाजसेवियों ने रात 11 बजे बच्चों और महिलाओं को भोजन कराया। इसी बीच कांग्रेस के पूर्व विधायक नीरज दीक्षित, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष नीरज चतुर्वेदी ने पीड़ितों से मौके पर पहुंचकर मुलाकात की। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी फोन पर पीड़ितों से बात की। रात करीब 2 बजे तक चले प्रदर्शन के दौरान नौगांव एसडीओपी अमित मेश्राम, सिटी कोतवाली प्रभारी अरविंद दांगी, सिविल लाइन टीआई बाल्मीकि चौबे और ओरछा रोड थाना प्रभारी दीपक यादव भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा।

रविवार की सुबह पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए नौगांव थाना के एएसआई शिवदयाल, प्रधान आरक्षक अरविंद शर्मा और आरक्षक राम जाट को निलंबित कर दिया और एसडीओपी नौगांव को मामले की जांच सौंपी। इसके साथ ही पीड़ितों को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भी भेजा गया, जिसमें मारपीट किए जाने के आरोप सही पाए गए जबकि गुप्तांग में मिर्च डालने का आरोप सिद्ध नहीं हुआ। फिलहाल नौगांव एसडीओपी अमित मेश्राम मामले की गंभीरता से जांच कर रहे हैं।

### पहले से सिस्टम की मार झेल रहे परिवारों पर पुलिस ने बरपाया कहर -

जिन आदिवासी युवकों पर नौगांव पुलिस ने कहर बरपाया है, उनके परिवार पहले से सिस्टम की मार झेल रहे हैं। जानकारी मिली है कि नौगांव जनपद की ग्राम पंचायत ठठेवरा के धर्मपुरा गांव में करीब 50 आदिवासी परिवार पिछले 20-25 वर्षों से पंचायत की सरकारी जमीन पर झोपडिय़ों में रहते हैं। आधार कार्ड के अलावा इनके पास कोई सरकारी दस्तावेज नहीं है। ये परिवार खजूर की टहनियों से झाड़ू बनाने, कबाड़ बीनने, शादी-विवाह में सफाई, और मवेशियों की खरीद-बिक्री जैसे कामों से गुजारा करते हैं। शासकीय योजनाओं का लाभ इन्हें नहीं मिलता। गांव में शासकीय विद्यालय होने के बावजूद दस्तावेजों के अभाव में इन ?परिवारों के आधा सैकड़ा बच्चे स्कूल नहीं जा पाते और पढऩे की उम्र में कबाड़ बीनने या झाड़ू बेचने का काम करने को मजबूर हैं। जिस स्थान पर झोपडिय़ों में यह परिवार रहते हैं, वहां बारिश के दिनों में जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा भी बना हुआ है। ऐसी दयनीय स्थिति में रहने वाले परिवारों के ही चार युवकों के साथ नौगांव पुलिस द्वारा चोरी के शक में बेतहाशा मारपीट की गई है, जिसमें से एक युवक अभी लापता है।

# ग्रामीणों के घरों, फसल, पशु एवं जन हानि का सम्पूर्ण सर्वे कर मुआवजा वितरण करें: कमिश्नर

**कमिश्नर सागर ने छतरपुर के बाढ़ प्रभावित ग्रामों का किया निरीक्षण**

### निचले क्षेत्र में निवासरत लोगों को स्थाई आवासीय पट्टा देने के निर्देश



**छतरपुर। कमिश्नर सागर अनिल सुचारी ने रविवार को छतरपुर जिले में 18 जुलाई को अतिवृष्टि से बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र छतरपुर ब्लॉक के ग्राम मोरवा एवं धामची का रविवार को निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर पार्थ जैसवाल, एडीएम मिलिंद नागदेवे, सहायक कलेक्टर आशीष पाटिल, एसडीएम अखिल राठौर, तहसीलदार, सीईओ सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।**

कमिश्नर सागर श्री सुचारी ने ग्राम पंचाटत मोरवा के ग्राम चौकीपुरवा में ग्रामीणों से चर्चा करते हुए उनके हुए नुकसान की जानकारी ली। साथ ही अधिकारियों से नुकसान, रुकने, खाने पीने की व्यवस्था आदि के बारे में पूछा और उनको खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। कमिश्नर ने ग्रामीणों को कपड़े एवं खाद्यान्न सामग्री भी वितरित किए। साथ ही उनकी समस्याओं को सुना और अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने गांव के गिरे हुए घरों का मौके पर निरीक्षण कर उनके नुकसान का शीघ्र आंकलन कर नियमानुसार मुआवजा देने के निर्देश दिए। साथ ही बारिश से नुकसान हुई फसलों के सर्वे उपरांत मुआवजा देने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने ग्रामीणों की मांग पर निचली जगह में बसे घरों को दूसरी आबादी वाली भूमि चिन्हित कर लोगों को स्थाई आवासीय पट्टा देने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि सरकार द्वारा उनको पूर्ण मदद दी जाएगी। तदोपरांत उन्होंने पंचायत भवन में अस्थाई रूप से ग्रामीणजन की रुकने की बनाई गई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। साथ ही रुके हुए ग्रामीण जनों से चर्चा की। उन्होंने पंचायत भवन में रुकने और वहां खाने पीने आदि व्यवस्था बेहतर इंतजाम करने के निर्देश दिए। इसके बाद कमिश्नर ने उर्मिल नदी से प्रभावित ग्राम धामची का भी निरीक्षण किया और ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी क्षति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि घरों, फसलों एवं पशु हानि सहित सभी प्रकार के नुकसान का आंकलन करें और मुआवजा वितरण की कार्यवाही करें।

# छतरपुर के युवाओं ने शुरू की कांवड़ यात्रा




**छतरपुर।** सावन के पवित्र महीने में जगह-जगह से लोग कांवड़ यात्रा निकाल रहे हैं। रविवार को छतरपुर के युवाओं को टोली ने भी उत्साह के साथ भाग कांवड़ यात्रा प्रारंभ की है, जो कल जटाशंकर पहुंचकर जला?भिषेक करेगी। छतरपुर के मोटे के महावीर मंदिर से शुरू हुई कांवड़ यात्रा का नेतृत्व स्काई राज यादव कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे कल सोमवार को जटाशंकर धाम पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। स्काईराज यादव ने कहा कि यह यात्रा सनातन परंपरा से युवाओं को जोडऩे और भगवान शिव के प्रति उनके समर्पण का प्रतीक है।

# सावन में आस्था का केन्द्र बना अचट्ट गांव का 1011 मुखी शिवलिंग



### चमत्कारी तालाब और सर्प दर्शन की मान्यता, पहुंच रहे भक्त

**नौगांव।** मध्यप्रदेश का छतरपुर जिला हमेशा से अपने वैभवशाली इतिहास के लिए मशहूर रहा है। खजुराहो के मंदिर और बागेश्वर धाम के अलावा इस जिले में और भी कई ऐसे रहस्मयी मंदिर और किले हैं, जो लोगों के लिए दर्शनीय हैं। ऐसा ही एक मंदिर है, छतरपुर जिले की नौगांव जनपद के ग्राम अचट्ट का प्राचीन शिव मंदिर, जहां मौजूद शिवलिंग विश्व का इकलौता सहस्त्र मुखी शिवलिंग है। इस मंदिर को बैजनाथ धाम के नाम से भी जाना जाता है। अचट्ट का प्राचीन शिव मंदिर सावन के पवित्र माह में शिवभक्तों के लिए आस्था का केन्द्र बना हुआ है। नौगांव से करीब 15 किलोमीटर दूर स्थित अचट्ट गांव के 80 वर्षीय रमेश चंद्र साहू बताते हैं कि पहले गांव को अचलपुर के नाम से जाना जाता था, कालांतर में इसका नाम अचट्ट पड़ा। उन्होंने बताया कि मंदिर का सहस्त्र मुखी शिवलिंग कई वर्ष पहले तालाब की खुदाई के दौरान मिली थी, जिसे गांव वालों ने पहाड़ी पर बने मंदिर में स्थापित किया। मंदिर के चारों ओर तालाब, मां पार्वती का मंदिर, नंदी की मूर्ति स्थापित है। वहीं पहाड़ी के नीचे बालाजी की विशाल प्रतिमा पूरे परिसर को आध्यात्म का केंद्र बनाती है। गांव का इतिहास महाभारत काल से जुड़ा हुआ है, यहां खुदाई में विष्णु भगवान की चंदेलकालीन मूर्ति भी मिली है। कई बार खुदाई के दौरान यहां 10वीं और 11वीं सदी की दर्जनों मूर्तियां निकली हैं, जिसके चलत अब इस गांव में खुदाई करने से पहले पुरातत्व विभाग से अनुमति लेनी पड़ती है।

### मंदिर के तालाब में स्नान करने से कुष्ठ रोग ठीक होने की मान्यता

वहीं मंदिर के पुजारी बताते हैं कि गांव के एक रैकवार परिवार को भगवान शिव ने स्वप्न में दर्शन देकर पहाड़ी के पास खुदाई करने को कहा था, जिसके बाद यह अद्भुत शिवलिंग मिली थी। ऐसी मान्यता है कि मंदिर के सामने वाले तालाब में 7 सोमवार या शनिवार को स्नान करने और जल चढ़ाने से कुष्ठ रोग ठीक हो जाता है। पुजारी का यह भी दवा है कि हर रात एक विशाल सर्प शिवलिंग के दर्शन को आता है। पुजारी बताते हैं कि गांव में आधा सैकड़ा तालाब और प्राचीन बावडियां पुरातात्विक महत्व को दर्शाती हैं। कुछ इतिहासकार बताते हैं कि यह गांव महाभारत काल से अस्तित्व में रहा है। अचट्ट गांव में आज भी इतिहास से जुड़ीं कई निशानियां मौजूद हैं, जो अपने प्राचीन अस्तित्व की गवाही देता है। यहां भगवान शिव, भगवान विष्णु, भगवान हनुमान समेत कई देवी-देवताओ की ऐसी मूर्तियां निकल चुकी हैं, जो और कहीं नहीं देखी गईं। माना जाता है कि अचट्ट गांव हजारों वर्ष पहले महाभारत काल में एक वैभवशाली नगर हुआ करता था, जिसका पुराना नाम अक्षत था फिर अचलपुर हुआ और आज अचट्ट के नाम से प्रचलित है। इस गांव में खुदाई के दौरान चंदेलकालीन भगवान विष्णु की प्राचीन मूर्ति भी निकल चुकी है. ये मूर्ति बेहद मनमोहक है, जो गांव के एक प्राचीन मंदिर में मौजूद है। भगवान विष्णु की ये प्रतिमा लगभग 5 से 6 फीट ऊंची है। ठोस पत्थर से निर्मित भगवान विष्णु की इस प्रतिमा में भगवान बड़े नेत्रों के साथ दर्शन देते हैं।

### राधेपुर मारपीट मामले में दोनों पक्षों पर दर्ज हुआ मामला

**छतरपुर।** *बीते रोज सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के राधेपुर गांव में दो पक्षों के बीच विवाद तथा मारपीट हुई थी। कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी ने बताया कि दोनों पक्षों के 7-7 लोगों पर मारपीट की धाराओं में मामला पंजीबद्ध किया गया है। उन्होंने बताया कि पानी की निकासी को लेकर गांव के प्रमोद पाल और विक्रम यादव के बीच विवाद हुआ था, जिसके बाद दोनों पक्षों द्वारा एक-दूसरे के साथ मारपीट की गई थी। मारपीट में दोनों पक्षों के 4-4 लोग घायल हुए थे, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।*

# घरेलू उपयोग के लिए बालू निकाल रहे युवक पर प्राणघातक हमला

**घायल गंभीर हालत में ग्वालियर रेफर, एसपी से हुई शिकायत**



**छतरपुर।** गुलगंज थाना क्षेत्र में घरेलू उपयोग के लिए बालू निकाल रहे युवक पर कुछ लोगों द्वारा प्राणघातक हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घायल की हालत गंभीर होने के कारण उसे ग्वालियर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। वहीं परिजनों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक गुलगंज थाना क्षेत्र के पीरा गांव का रहने वाला प्रीतम पुत्र हरिदास घरेलू उपयोग के लिए बालू निकाल रहा था तभी गांव के कल्याण, रमोला और रघवीर ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने लाठी-डंडों से प्रीतम की इतनी बेरहमी से पिटाई की कि वह मरणासन्न हालत में पहुंच गया। परिजन उसे तुरंत छतरपुर जिला अस्पताल लेकर आए, जहां हालत गंभीर होने के कारण उसे ग्वालियर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। गुलगंज थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है, लेकिन आरोपी अभी भी फरार हैं। इससे आक्रोशित परिजनों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है।

## निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए विद्युत विभाग ने बनाई कार्ययोजना



**बड़ामलहरा।** विद्युत वितरण केंद्र ने नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए कार्ययोजना की घोषणा की है, जिसमें ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि, अतिरिक्त फीडर की स्वीकृति और विद्युत चोरी के खिलाफ कार्रवाई पर जोर दिया गया है। बड़ामलहरा विद्युत वितरण केंद्र के सहायक अभियंता बीपी सिंह ने बताया कि नगरीय क्षेत्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए 100 केवी के चार ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाकर 200 केवी, आठ को 63 से 100 केवी, नौ को 25 से 63 केवी करने और एक 200 केवी व एक 100 केवी का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने की स्वीकृति मिल चुकी है। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति सुधारने के लिए बंधा से सड़वा तक 17 किलोमीटर लंबा 33 केवी का अतिरिक्त फीडर और दरगुवा सब स्टेशन के लिए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्वीकृत हुआ है। ये कार्य बारिश रुकते ही युद्ध स्तर पर शुरू होंगे। इसके साथ ही, धारा 135 के तहत 294 विद्युत चोरी के प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जिन पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

## केन नदी के नाले में मछली पकडऩे गए युवक का मिला आधा शव

**मगरमच्छ के हमले की आशंका, पुलिस ने शुरू की जांच**

**बमीठा।** थाना क्षेत्र में केन नदी से मछली पकडऩे गए एक युवक का आधा शव मिलने से सनसनी फैल गई है। ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि युवक को मगरमच्छ ने अपना शिकार बनाया है। युवक के लापता होने के बाद रातभर उसकी तलाश की चलती रही, जिसके बाद सुबह युवक के शव का आधा धड़ नदी में तैरता मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरु की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भियांताल गांव का रहने वाला मिजाजी रैकवार शनिवार की सुबह टौरियाटेक के पास केन नदी से जुड़े एक नाले में मछली पकडऩे गया था। काफी समय तक जब वापिस नहीं लौटा तो उसकी तलाश शुरु की गई, जिसमें उसके कपड़े और जाल नाले के किनारे मिले। पुलिस और ग्रामीणों ने रातभर तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद रविवार की सुबह ग्रामीणों को केन नदी में मिजाजी के शव का आधा धड़ तैरता हुआ दिखा। पुलिस ने आधे शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाल ही में नाले के पास एक बड़ा मगरमच्छ देखा गया था, जिससे आशंका है कि उसी ने मिजाजी को अपना शिकार बना लिया। फिलहाल पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को राजनगर स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं लवकुशनगर रेंज ऑफिसर नीलेश प्रजापति ने पीड़ित परिवार को अंतिम संस्कार के लिए तत्काल राहत राशि प्रदान की और बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर तीन दिनों के भीतर मुआवजा राशि परिवार के खाते में जमा की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### बच्चों के विवाद में पिता-पुत्र पर जानलेवा हमला

रीवा। गांव में बच्चों के बीच शुरू हुआ मामूली झगड़ा शुक्रवार रात उस समय हिंसक रूप ले गया, जब कुछ लोगों ने योजनाबद्ध तरीके से एक ही परिवार के दो सदस्यों पर फरसे और लाठियों से हमला कर उन्हें लहूलुहान कर दिया। घटना रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र की है, जहां कुंज बिहारी और उनके बेटे अशोक को गंभीर हालत में संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, बच्चों के बीच हुई बहस को लेकर चली आ रही रंजिश ने देर रात खूनी रूप ले लिया। जब कुंज बिहारी अपने बेटे अशोक के साथ घर लौट रहे थे, तभी गांव के ही कुछ लोगों ने सुनसान रास्ते में घेरकर उन पर जानलेवा हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि हमलावर पहले से ही झाड़ियों में छिपे बैठे थे और जैसे ही दोनों बाप-बेटे वहां पहुंचे, अचानक लाठी, डंडे और धारदार हथियारों से वार शुरू कर दिए। हमले के तुरंत बाद ग्रामीणों ने घायलों को गंभीर अवस्था में अस्पताल पहुंचाया, जहां दोनों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। चिकित्सकों के अनुसार, दोनों को सिर और शरीर के कई हिस्सों में गहरी चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित परिवार की ओर से दी गई तहरीर में गांव के ही छह से अधिक लोगों के खिलाफ नामजद शिकायत की गई है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है,पीड़ित की पत्नी ने आरोप लगाया है कि यह हमला पूर्व नियोजित था और बच्चों की छोटी सी कहासुनी को लेकर उनके परिवार को निशाना बनाया गया।

### प्रभारी मंत्री का सर्किट हाउस में हुआ स्वागत



रीवा । प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल अपने एक दिवसीय प्रवास पर रीवा पहुंचे। रीवा राजनिवास सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। प्रभारी मंत्री ने इस अवसर पर आमजनों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। सर्किट हाउस में प्रभारी मंत्री ने वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से विचार-विमर्श किया।

### पैरालीगल वालेंटियर हेतु 28 जुलाई तक जमा होंगे फॉर्म

कटनी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी एवं तहसील विधिक सेवा समिति बरही, ढीमरखेडा एवं विजयराघवगढ़ में एक वर्ष की अवधि हेतु पैरालीगल वालेंटियर की नियुक्ति की जानी है। इसके के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आवेदन मंगाये जा रहे हैं। इच्छुीक सेवारत या सेवानिवृत्त अध्यापक, वरिष्ठ नागरिक, सेवानिवृत्त लोक सेवक, एम.एस.डब्ल्यू छात्र, अध्यापक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, चिकित्सक, छात्र, स्वयंसेवी (अराजनैतिक) संगठन के सदस्य, महिला समूह या संगठन के सदस्य कार्यालय से प्राप्त निर्धारित प्रारूप-''अ'' के माध्यकम से 28 जुलाई तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय परिसर कटनी में आवेदन जमा कर सकते है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के व्यावहार न्यानयाधीश एवं सचिव सुमित शर्मा ने बताया कि लोक हित में पैरालीगल वालेंटियर के रूप में किए जाने वाले कार्य के लिए समय-समय पर निर्धारित मानदेय के अतिरिक्त कोई वेतन या पारिश्रमिक नहीं दिया जाएगा।

### पिछले साल से 201.8 फीसदी अधिक औसत वर्षा

कटनी। जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से शनिवार 19 जुलाई तक कुल 606 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 770.3 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 200.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 201.8 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है।

## शिक्षा में संस्कार के साथ स्वावलंबन, स्वाभिमान व मूल्य आवश्यक है - प्रभारी मंत्री

# अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय का 58वां स्थापना दिवस समारोह संपन्न




रीवा।

प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री और रीवा जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा है कि शिक्षा में संस्कार के साथ स्वावलंबन, स्वाभिमान व मूल्य आवश्यक हैं। विश्वविद्यालय शिक्षा का उद्गम स्थल है, जहाँ से कई पीढ़ियाँ सफलताओं के शिखर पर पहुंचती हैं और आने वाले समय में भी पीढ़ियाँ उत्तरोत्तर आगे बढ़ती रहेंगी। उन्होंने विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए मनीषियों के संकल्पों को पूरा करने का आह्वान किया। प्रभारी मंत्री ने अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के 58वें स्थापना दिवस पर विश्वविद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दीं। विश्वविद्यालय के पंडित शंभूनाथ शुक्ल सभागार में स्थापना दिवस समारोह में प्रभारी मंत्री ने कहा कि शिक्षा के विषय में हमारे वेदों ने सद्विचार उद्धरित किए हैं। शिक्षा सिर्फ बुद्धि बढ़ाने का माध्यम नहीं है। शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों की भी इसमें सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि परिश्रम से ही सफलता में उच्च स्थान प्राप्त होता है। सद्विचार व्यक्ति को ऊंचाईयों तक पहुंचाने में सक्षम होते हैं। श्री पटेल ने युवा पीढ़ी से नशे से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज के परिवेश में नशा चुनौती बन गया है। इससे दूर रहकर ही आने वाली पीढ़ी का भविष्य उज्वल होगा। उन्होंने पानी का बचाव करने तथा वृक्षारोपण कर इनको संरक्षित करने का आह्वान इस अवसर पर किया। श्री पटेल ने विश्वविद्यालय में नवीन पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के लिए कुलगुरू को बधाई दी तथा संस्कृति एवं विरासत के क्रम में बघेलखण्ड के साहित्य, स्टार्टअप, सामुदायिक भागीदारी आदि से संबंधित पाठ्यक्रमों को भी शामिल किए जाने का सुझाव दिया। उन्होंने अपने उद्बोधन से पूर्व नशामुक्ति की शपथ उपस्थित व्यक्तियों को दिलाई। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय सफलता की नित नई ऊंचाईयाँ छू रहा है। विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए स्वर्गीय अवधेश प्रताप सिंह ने जो सपना देखा उसे पूर्व मुख्यमंत्री गोविंद नारायण सिंह ने पूरा किया। यह विश्वविद्यालय देश में अपनी उच्चतम रैंकिंग में पहुंचे यही शुभकामनाएं हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलगुरू राजेन्द्र कुमार कुड़रिया ने कहा कि आज का दिन पुरानी स्मृतियों को याद करने व भविष्य के संकल्प को पूरा करने का दिन है। अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के लिए गौरव का दिन है जबकि प्रभारी मंत्री जी स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए। कुलगुरू ने बताया कि विश्वविद्यालय में नवीन सत्र से 32 डिप्लोमा व डिग्री के पाठ्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं जो समय के हिसाब से कारगर व उपयोगी साबित होंगे। कुलसचिव सुरेन्द्र सिंह परिहार ने स्वागत उद्बोधन दिया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय की शोध पत्रिका का विमोचन मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। इससे पूर्व प्रभारी मंत्री ने अवधेश प्रताप सिंह जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया तथा विश्वविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम में अंत में आभार प्रदर्शन प्रोफेसर सुनील तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, डॉ अजय सिंह, गजेन्द्र दुबे, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारी, गणमान्यजन, विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, अधिकारी व कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## रंग-बिरंगी लोक-संस्कृति से गूंजा रीवा

### भारत सांस्कृतिक यात्रा का भव्य समापन



रीवा ।

उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज (संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय भारत सांस्कृतिक यात्रा कार्यक्रम का भव्य समापन शनिवार को शासकीय ठाकुर रणमत सिंह कॉलेज में हुआ। रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजी इस यात्रा ने दर्शकों के दिलों पर अमिट छाप छोड़ी।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजेंद्र ताम्रकर एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. अर्पिता अवस्थी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात लोक संस्कृति की झलकियों से भरपूर प्रस्तुतियों का सिलसिला प्रारंभ हुआ।राजस्थान से आए लोक कलाकारों ने पारंपरिक राजस्थानी लोकसंगीत, वाद्ययंत्र वादन, घूमर और कालबेलिया नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मशहूर स्वागत गीत केसरिया बालम पधारो म्हारे देश और निंबुड़ा निंबुड़ा ने समां बांध दिया, वहीं कालबेलिया की लयबद्ध चपलता ने दर्शकों को रोमांचित किया। कार्यक्रम प्रभारी मदन मोहन मणि ने सभी प्रतिभागी कलाकारों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया तथा उनकी अद्भुत प्रस्तुतियों के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. नागेश्वर, डॉ. शालिनी दूबे, केंद्र के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शरद मिश्रा ने किया।

बॉक्स राधा-कृष्ण की लीला में डूबा मंचमथुरा से आए विनय गोस्वामी एवं दल द्वारा प्रस्तुत मयूर नृत्य ने राधा-कृष्ण की लीलाओं को जीवंत कर दिया। मोर पंखों से सजे परिधानों और भावपूर्ण नृत्य मुद्राओं ने दर्शकों को भक्ति भाव में सराबोर कर दिया।

बॉक्स भरतनाट्यम, फाग और कथक की हुई सजीव प्रस्तुतियां वाराणसी की करिश्मा केसरी ने भरतनाट्यम की सुंदर प्रस्तुति देकर शास्त्रीय नृत्य की गरिमा को मंच पर उतारा। कार्यक्रम के अंतिम चरण में नेहा सिंह सैंगर ने भावप्रवण कथक नृत्यनाटिका से समापन को अविस्मरणीय बना दिया।

## मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय ब्रम्हानंद यादव को दी श्रद्धांजलि



रीवा । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विदेश यात्रा से लौटने के बाद नई दिल्ली से सीधे रीवा पहुंचकर अपने ससुर स्वर्गीय ब्रम्हानंद यादव को श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शाम 5.20 बजे रीवा एयरपोर्ट पहुंचे। मुख्यमंत्री ने रीवा में संजय नगर में स्वर्गीय ब्रम्हानंद यादव के आवास जाकर उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने परिजनों से भेंट कर सांत्वना दी तथा ईश्वर से दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय ब्रम्हानंद यादव के पुत्रों रामानंद यादव, सदानंद यादव तथा सच्चिदानंद यादव से भेंट कर उन्हें ढाढ़स बंधाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती सीमा यादव भी उनके साथ रहीं। इस अवसर पर विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह, विधायक त्योंथर सिद्धार्थ तिवारी, विधायक मनगवां  नरेन्द्र प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्ता, पूर्व मंत्री रामखेलावन पटेल, पूर्व विधायक श्यामलाल द्विवेदी, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ अजय सिंह तथा स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय नीरज मंडलोई, आयुक्त एवं सचिव जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े, कमिश्नर रीवा बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत तथा अन्य प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री का रीवा पहुंचने पर जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद पटेल मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम विभाग ने अगवानी की। इस अवसर पर विधायकगण तथा अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

बॉक्स प्रभारी मंत्री ने स्वर्गीय ब्रम्हानंद यादव को दी श्रद्धांजलि

प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री और रीवा जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने मुख्यमंत्री के ससुर स्वर्गीय ब्रम्हानंद यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की। रीवा स्थित स्वर्गीय यादव के संजय नगर निवास में प्रभारी मंत्री ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने परिजनों से भेंट कर उन्हें ढाढ़स बंधाया। श्री पटेल ने कहा कि ब्रम्हानंद जी विचार यात्रा के प्रतीक थे। उन्होंने अपने संपूर्ण जीवन में जो कार्य किए व अनुकरणीय हैं। पूरी आयु, प्रतिष्ठा एवं यशपूर्वक सार्थक जीवन जीने वाले ब्रम्हानंद जी के चरणों में नमन करता हूँ। वह जिस रास्ते में चले हम भी उसी रास्ते पर चल सकें, ऐसा सामर्थ्य दें।

## चेन स्नेचिंग के आरोपी को दो साल की सजा, एक हजार रुपये का अर्थदंड



रीवा । चेन स्नेचिंग के मामले में जिला एवं सत्र न्यायालय ने दोषी को दो वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही एक हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड जमा न करने पर उसे अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। मामला 16 फरवरी 2021 का है। शिवालिका शुक्ला चिरडुला मंदिर से दर्शन कर लौट रही थी। इसी दौरान बाइक सवार बदमाश ने उनके साथ चेन स्नेचिंग की। पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी रामनरेश सोधिया (18) निवासी द्वारिका नगर को गिरफ्तार किया। उससे लूटी गई चेन भी बरामद कर ली गई थी। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी के विरुद्ध चालान न्यायालय में पेश किया।मामले की सुनवाई जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान की अदालत में हुई। अभियोजन की ओर से शशि तिवारी ने पैरवी करते हुए आरोपी के विरुद्ध ठोस साक्ष्य प्रस्तुत किए। न्यायालय ने आरोप सिद्ध पाते हुए उसे सजा सुनाई।

## पुलिस ने जहरीली शराब की बिक्री करते आरोपी को किया गिरफ्तार



रीवा। जिले के गुढ़ थाना पुलिस ने नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यूरिया युक्त जहरीली शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। गुढ़ पुलिस ने आदतन बदमाश रामजी लोनिया पिता रामनगेश लोनिया 40 वर्ष निवासी ग्राम दुआरी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। गुढ़ थाना प्रभारी शैल यादव ने बताया कि सूचना के बाद ग्राम दुआरी के रामजी लोनिया के घर में दबिश दी गई जहां महुआ की यूरिया युक्त शराब बिक्री के लिए रखी हुई थी। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने कुल 12 लीटर देशी महुआ यूरियायुक्त जहरीली शराब पकड़ी है।

## कोठी तलाब के पास डेढ़ किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार बिछिया पुलिस ने की कार्रवाई



रीवा। शहर की बिछिया थाना पुलिस ने गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। कोठी तलाब के पास रेड कार्रवाई कर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से डेढ़ किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया है। बिछिया थाना प्रभारी मनीषा उपाध्याय ने बताया कि विश्वस्थ मुखबिर सूचना के बाद कोठी तलाब के पास पुलिस टीम को रेड कार्रवाई के लिए भेजा गया है। जहां से आरोपी करन साकेत पिता राजेन्द्र साकेत 19 वर्ष निवासी ग्राम अमरपुर थाना चुरहट के कब्जे से पुलिस ने 01 किलो 500 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया। पकड़े गए गांजा की कीमत करीब 15 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया है।

## नगर निगम आयुक्त मॉडल रोड का किया निरीक्षण

# सड़कों और चौराहों पर फैले अतिक्रमण और साफ-सफाई पर दिए कड़े निर्देश



रीवा।

नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने शनिवार 19 जुलाई को शहर के प्रमुख मार्गों का निरीक्षण करते हुए मॉडल रोड, छोटी पुल से लेकर चोरहटा तक की व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़कों और चौराहों पर फैले अतिक्रमण को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक मार्गों पर किसी भी प्रकार की बाधा या अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने सख्त लहजे में कहा कि रास्तों के किनारे गुमटियां लगाकर व्यापार करने वालों को तुरंत हटाया जाए। साथ ही बालू-गिट्टी के अवैध भंडारण पर न सिर्फ जुर्माना लगाने के निर्देश दिए, बल्कि उसे तत्काल हटाने की बात भी कही। उन्होंने दुकानों के सामने सामान रखकर अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी कि यदि दोबारा ऐसा पाया गया तो सामान जब्त कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। डॉ. सोनवणे ने निरीक्षण के दौरान यह भी देखा कि कुछ दुकानदार खुले में कचरा फैला रहे हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस पर तुरंत चालानी कार्रवाई की जाए और यदि पुनरावृत्ति होती है तो दुकानों को सील किया जाए। इसी के साथ उन्होंने सड़कों के किनारे पटरियों पर पड़े सीएनडी मलबे को भी हटाने के निर्देश दिए। वार्ड क्रमांक-3 में स्थित एक खाली भूखंड का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने निर्देश दिए कि यहां स्मार्ट टॉयलेट का निर्माण कराया जाए, जिससे आमजन को सुविधा मिल सके। वहीं वार्ड-4 स्थित एक शराब दुकान के पास अवैध रूप से बने अहाते को सील करने के निर्देश भी मौके पर ही दिए। साथ ही वहां ठेले लगाकर पॉलीथिन और गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना लगाने को कहा। वीटीएल के पास पाइपलाइन के किनारे अवैध खुदाई होते हुए पाई गई, तो आयुक्त ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियों से पाइप डैमेज हो सकता है, जिससे निगम को आर्थिक नुकसान और दूषित पानी की आपूर्ति जैसी गंभीर समस्याएं पैदा हो सकती हैं। उन्होंने इस पर तत्काल वैधानिक कार्रवाई के निर्देश दिए।निरीक्षण में कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह, सहायक यंत्री राजेश मिश्रा, अभिनव चतुर्वेदी, स्वास्थ्य अधिकारी मुरारी कुमार, बालगोविंद चतुर्वेदी सहित निगम के अन्य अधिकारी एवं अतिक्रमण दल मौजूद रहा।

बॉक्स चौराहों का सौंदर्यीकरण और डिवाइडर की मरम्मत के निर्देशएजी कॉलेज चौराहे की रोटरी के सौंदर्यीकरण को प्राथमिकता देते हुए आयुक्त ने बस स्टॉप की टेंडर प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां भी बस स्टॉप खराब स्थिति में हैं, वहां मरम्मत और सौंदर्यीकरण कार्य शीघ्र कराया जाए। साथ ही डिवाइडर पर लगे पेड़-पौधों की छंटाई, घास की सफाई और गाद हटाने के निर्देश भी दिए। डॉ. सोनवणे ने लोक निर्माण विभाग से समन्वय कर बेरंग डिवाइडर की पुताई, टूटे ग्रिल की मरम्मत, और अधूरे या क्षतिग्रस्त पेवर को बदलने के निर्देश सहायक यंत्री को दिए।

बॉक्स अवैधकॉलोनी पर चला बुलडोजर निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देश पर अवैध कॉलोनियों के खिलाफ नगर निगम द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार, 19 जुलाई को जोन क्रमांक 04 स्थित वार्ड 42 में मतीन ख़ान द्वारा विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई की गई। नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर निर्माण संरचनाएं हटाईं और अवैध रूप से बनाई जा रही सड़क को उखाड़ दिया। यह कार्रवाई पूर्व में जारी नोटिस और चेतावनी के बावजूद निर्माण कार्य न रोके जाने के चलते की गई। निगमायुक्त डॉ. सोनवणे ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी ऐसी अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्लॉट या भूमि की खरीदी से पहले उसकी वैधता की जांच नगर निगम अथवा संबंधित विभाग से अवश्य करें। कार्रवाई के दौरान कार्यपालन यंत्री एचके त्रिपाठी, सहायक यंत्री पीएन शुक्ला, उपयंत्री मनोज सिंह, अतिक्रमण सहायक अच्छेलाल पटेल सहित अतिक्रमण अमला मौजूद रहा।

## शिव मंदिर देवतालाब में आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम



विधायक गिरीश गौतम ने किया शिवद्वार व धर्मशाला का किया लोकार्पण

मऊगंज। सावन के इस पावन अवसर पर देवतालाब शिव मंदिर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मध्य प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान देवतालाब विधायक गिरीश गौतम ने नवीन शिवद्वार एवं धर्मशाला का फीता काटकर लोकार्पण किया।धर्मशाला परिसर में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते हुए एक प्रसिद्ध गायिका ने सुंदर भजन एवं सांस्कृतिक गीतों की प्रस्तुति दी, जिससे उपस्थित जनसमूह भावविभोर हो गया।विधायक गिरीश गौतम ने इस अवसर पर जनता को संबोधित करते हुए कहा कि सावन का यह पवित्र महीना भक्ति, सेवा और समर्पण का प्रतीक है, और ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

## मऊगंज विधायक की जनसुनवाई में उमड़ी भीड़

# प्रशासनिक अव्यवस्था और नौकरशाहों की प्रताड़ना के लोग हो रहे शिकार !

मऊगंजः

जिले में एक बार फिर नौकर शाही चरम पर है मऊगंज भाजपा विधायक प्रदीप पटेल की जनसुनवाई में फरियादियों की भीड़ ने जिला की प्रशासनिक अव्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है।मऊगंज विधायक की जनसुनवाई में शनिवार को भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। बाढ़ पीड़ितों से लेकर पुलिस और राजस्व विभाग की प्रताड़ना से त्रस्त लोगों ने अपनी-अपनी व्यथा विधायक के सामने रखी। जनसुनवाई में सबसे ज्यादा शिकायतें बाढ़ से आपदा की अनदेखी,शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव,सड़को के बहने के साथ साथ सबसे ज्यादा चिंताजनक हाल पुलिस थानों में पुलिस की ज्यादती और राजस्व विभाग और उसके पटवारियों की मनमानी और भ्रस्टाचार से प्रताड़ति की शिकायतें लेकर लोग पहुंचे थे।जनसुनवाई में पहुंचे लोगों ने विधायक से बताया की वे जिला के अफसरों से शिकायत करने के बाद भी परेशान हैं,जहां पर सिर्फ कागजों में हो रहा है समाधान! जमीनी स्तर पर कोई सुनवाई नहीं हो रही। बाढ़ से तबाह लोग राशन, मुआवजा और आवास के लिए दर-दर भटक रहे हैं। शिकायतकर्ताओं ने कहा कि



अधिकारियों की असंवेदनशीलता से प्रशासन से जनता का भरोसा उठ रहा है।विधायक ने सभी मामलों को गंभीरता से सुना,और तत्काल तहसीलदार और पुलिस अधिकारी सहित संबंधित अफसरों को फोन के माध्यम से राहत व्यवस्था को गंभीरता पूर्वक कार्य करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं!जनसुनवाई के दौरान उनका रवैया बेहद सख्त और जनहितैषी नजर आया।शिकायत लेकर पहुंचे फरियादियों से विधायक ने साफ शब्दों में कहा की अफसरशाही जनता के दर्द को नजरअंदाज नहीं कर सकते उन्होंने संकेत दिए कि यदि हालात नहीं सुधरे तो सरकार के संज्ञान में जिला की वास्तविक स्थिति लाएंगे !जिले में हाल की अतिवृष्टि और बाढ़ के बाद हालात बेकाबू हैं, लेकिन राहत और पुनर्वास में प्रशासनिक रुचि नहीं दिख रही। जनसुनवाई में आई भीड़ खुद प्रशासन की बदइंतजामी की गवाही देती है।इस दौरान विधायक प्रदीप पटेल ने लोगो से कहा कि हमारी सरकार जनता के हित में काम करती चली आ रही है जो कि बेहद संवेदनशील उन्होंने पत्रकारो से कहा कि प्रशासन से बात कर समस्याओं का निराकरण के लिए प्रयास कर रहे जो भी क्षेत्र के कामो में अड़चनें आ रही तो शासन स्तर पर समस्याओं के निराकरण के लिए संकल्पित हैं।